हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 30 जून 2025


तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


14 थाना परिसर में रोपे गए पौधे, भविष्य में अच्छे से ...





14 चिरायु योजना से तीन बच्चों का हुआ सफल ऑपरेशन...






## अनदेखी : निको कंपनी ने निको बाल उद्यान का नाम दिया, नहीं की मानिटरिंग

# 20 लाख की लागत से बनाया गया निको बाल उद्यान पार्क हुआ जर्जर, चोरी हो रहे उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेस सरकार के दौरान कांकेर में पदस्थ रहे तत्कालीन कलेक्टर केएल चौहान कार्यकाल में बना उद्यान दो साल सही ढंग से नहीं चल पाया। कई उपकरण टूट गए, वहीं कई उपकरण गायब हो गए। उद्यान जर्जर हो गया है।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर बंगला के सामने व दूर संचार विभाग के कार्यालय के बाजू में निको बाल उद्यान बनाया गया था, जिसका लोकार्पण 16 अगस्त 2020 को हुआ था। यहाँ पर राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ व एक से दो सरकारी आवास थे, उसे जर्जर बताकर उनका डिस्मेंटल करवाकर पार्क बनाया गया। यह पार्क कोयलीबेड़ा ईलाके में कार्य कर रही निको कंपनी के सीएसआरमद से बनवाया गया, यह कितने में बना, लागत का उल्लेख बोर्ड में नहीं है, परंतु जानकारों की मानें तो इसे बनाने में 20 लाख रूपएं खर्च किए गए थे। बाल उद्यान तो बनवा दिया गया, परंतु इसे किसी भी विभाग के सुपुर्द नहीं किए जाने के चलते एक साल में ही इसकी हालत बिगड़ने लगी थी। बाल उद्यान में लगाए गए ओपन जिम का सामान एक साल में ही टूटने लगा था, क्योंकि उसकी गुणवत्ता बहुत ही खराब थी। इस काम को तत्कालीन कलेक्टर ने इतना गोपनीय रखा था कि किसी को कानों कान खबर ही नहीं लगने दिया और आनन फानन में बनवाकर 15 अगस्त के अगले दिन 16 अगस्त को लोकार्पण करवा दिया था। मानिटरिंग नहीं होने से कबाड़ी बीनने वाले वाउण्ड्रीवाल में लगी जाली को तोड़कर चोरी करने लगे है, इस ओर किसी अधिकारी की नजर नहीं है।



**टूटे पड़े हुए हैं उपकरण नहीं ले रहे सुध**

बाल उद्यान पार्क में उपकरण टूटे पड़े हुए है और बाउण्ड्रीवाल की जाली को तोड़कर बेचने वाले कबाड़ी लोहा की चोरी कर रहे है, यह खेल अवैध ढंग से इसी ईलाके में अतिक्रमण कर दुकान चलाने वालों के संरक्षण में होता है। परंतु इस ओर ध्यान किसी का नहीं है। पार्क के लिए राशि जारी करने वाली निको कंपनी अपनी कंपनी के नाम पर निको बाल उद्यान नाम दे दिया और एक बार राशि खर्च करके दुबारा कभी इस ओर झांकने नहीं पहुँचे।

### शराबियों का बना गया है अड्डा

अंधेरा हो जाने के उपरांत यह बाल उद्यान कई शराबियों के लिए शराब का अड्डा बन गया है। कई माह पहले इस उद्यान की सफाई जन सहयोग संस्थान ने एक सप्ताह लगकर किया था और कई शराब की बोतलें मिली थी। उनकी सफाई के बाद इसका हाल फिर से जस का तस हो गया है। घास बढ़ गई है और उसके डर के चलते अब यहाँ पर एक भी बच्चा व बड़ा इस पार्क में नहीं आते है, यह पार्क अब शोपीस बनकर रह गया है।



### न जांच होगी, ना ही कार्रवाई

मामला लगभग चार साल से ज्यादा पुराना हो जाने के चलते न तो अब इस पर कोई जाँच होगी और ना ही कोई कार्रवाई होगी। इस मामले का उजागर करने का एक ही कारण है कि लोकार्पण करने वाले नेता आज भी कांकेर में रहते है। एक बार स्वंय के द्वारा लोकार्पण की गई जगह का अवलोकन करने नहीं पहुँचे। पत्थरों पर नाम लिखाने के लिए नेता लालयित रहते है और झगड़ते है, परंतु लोकार्पण के बाद उस स्थल का क्या हाल होता है, उसे झांकने तक नहीं जाते है। ऐसे नेता फिर से आपके सामने वोट माँगने व डींगे मारने आपके बीच किस जमीर से आते है, यह समझ के परे है।

## खबर संक्षेप



### पेड़ काटने से मना करने पर बड़े ने छोटे भाई की कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत मण्डागांव निवासी 29 वर्षीय भगत दास पिता स्व. सुखदेव दास ने पुलिस को बतायाक कि 26 जून की शाम को मेरे घर के सामने मेरा बड़ा भाई भगवान दास आया और मेरे हिस्से में लगे पेड़ को काटने का प्रयास कर रहा था। पेड़ को काटने से मना करने पर आरोपी भगवान दास ने मुझे गाली दिया और जान से मार दूंगा कहकर बांस के डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे कमर और पीठ में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भगवान दास बैरागी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### हाटकोंदल सेजेस शाउमा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हाटकोंदल सेजेस शाउमा विद्यालय एवं बालक कन्या पूर्व माशा कन्या आश्रम और जनपद प्राथमिक का संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल चंदन लगाकर एवं पाठ्यपुस्तक के साथ गणवेश, पेन-पेंसिल, कॉपी वितरण किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूपए में ललित हिड़को एवं सरपंच सरोज हरिश मंडावी उपस्थित रहें। इस मौके पर प्राचार्य टिकेश्वर लाल जैन, युवराज पटेल, दरबु राम कोसमा, अहिल्या दरों, श्रीपाल, दरेंद्र साहू, गिरधारी लाल कोसमा, जैन्गी नुरेठी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन अटल चौक का सांसद ने किया निरीक्षण



**अंतागढ़।** नगर के मद्रासीपारा में निर्माणाधीन अटल चौक का औचक निरीक्षण करने स्थानीय सांसद भोजराज नाग ने पहुंचकर हो रहे कार्य का निरीक्षण किया। कार्य पर संतुष्टि जताते हुए संबंधित ठेकेदार को जल्द ही कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग उपाध्यक्ष, अमलसिंह नरवास, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, स्थानीय पार्षद यशोदा उसेंडी, दीपसिंह सोलंकी, लक्ष्मण ठाकुर, पार्षद धन्नूराम गोटा, सतिश ठाकुर, टीकम तुरतुरिया, धर्मेंद्र वासनीकर व अशोक बघेल उपस्थित रहे।

### लापरवाही से चालक की मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत साल्हेटोला से शामतरा जाने वाले मार्ग पर बाइक चालक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे गंभीर चोट आने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया, जिसमें पाया गया कि 27 जनवरी को मृतक शिव प्रसाद अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 5542 से स्वयं चलाते हुए कांकेर से वापस साल्हेटोला से शामतरा जाने मार्ग से गुजर रहा था। अचानक मोटर सायकल से नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी शिवप्रसाद मरकाम के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## पिकअप की ठोकर से ट्रैक्टर हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



**चालक बाल बाल बचा**

चारामा में कोरर चौक के पास नए ट्रैक्टर को पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर से ट्रैक्टर चालक वाहन से उछलकर दूर जा गिरा, लेकिन उसके ज्यादा चोट नहीं आई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे भर्रीटोला निवासी 46 वर्षीय संबोधन कोटपरिहा पिता गोविंद कोटपरीहा ने पुलिस को बताया कि 27 जून को कांकेर से नया ट्रैक्टर लिया। पूरा दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 4122 को लेकर कांकेर से भर्रीटोला अपने गांव स्वयं चलाते हुए जा रहा था। रात लगभग पौने 9 बजे कोरर चौक के पास पहुंचा था। उसी समय कांकेर की ओर से आ रही आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 1252 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मेरे नए ट्रैक्टर को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वह ट्रैक्टर से दूर फेंका गया एवं वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर से गिरने से मुझे किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई है, बाल बाल बच गया। घटना को देख डर गया था। आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 1252 के चालक द्वारा तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने से ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेवना में लिया गया।

## विधायक की नाराजगी के बाद गुणवत्ताहीन सड़क को उखाड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




**ठेकेदार पर होगी कार्रवाई**

नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत के आमाबेड़ा से चंगोठी जाने वाले सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा विभाग को बिना संज्ञान में लाए कार्य को गुणवत्ताविहीन किया। विधायक विक्रम उसेंडी ने शिकायत मिलने नाराजगी जताते हुए विभाग के मंत्री को पूरी जानकारी से अवगत कराया था। उसी के बाद विभाग प्रमुख ने सक्रियता दिखाते हुए सड़क को उखाड़ने का निर्देश देते हुए सहायक अभियंता एवं उपअभियंता को कार्य से हटाते हुए विस्तृत जाँच के लिए टीम का गठन किया गया। जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने संवेदनशील क्षेत्र होने का फायदा उठाते हुए बिना विभाग के संज्ञान में लाएं सड़क में गुणवत्ताहीन डामर बिछा दिया था। स्थानीय भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत विधायक विक्रम उसेंडी को दिया, वहीं कुछ युवकों ने इस सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया था। विधायक विक्रम उसेंडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग से मंत्री को अवगत कराने पर मंत्री द्वारा किए गए गुणवत्ताविहिन कार्य में ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने एवं गुणवत्ता से विभाग के उच्च अधिकारी को उक्त शिकायत के संबंध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिया गया। शिकायत के संबंध में प्रमुख अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर द्वारा भी कार्य गुणवत्ता में नहीं किए जाने की शिकायत के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में अवगत ▶▶| शेष पेज 12 पर

## वाहन चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



**अस्पताल में चल रहा था इलाज**

हल्बा चौकी अंतर्गत जेपरा के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। एक युवक मुरली पटेल को गंभीर चोट आने की अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतक हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम जेपरा निवासी 22 वर्षीय मुरली पटेल पिता शम्भूराम पटेल 7 जून की शाम करीबन 7 बजें अपने दोस्त ओंमकार पटेल के साथ अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 2861 सवार होकर मोबाईल रिचार्ज कराने ग्राम जेपरा के चौक की तरफ जा रहा था। जेपरा कलार तालाब मेन रोड पर मृतक मुरली पटेल के मोटर सायकल को विपरीत दिशा से आ रही लाल रंग की ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीज 19 बीएच 0251 के चालक मोतीराम यादव द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते ▶▶| शेष पेज 12 पर

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में योग दिवस का किया जिक्र

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र सिवनी के पोलिंग बूथ कलंगपुरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 123वें एपिसोड में योग दिवस का जिक्र किया है। योग दिवस की थीम को लेकर भी चर्चा किया। पीएम ने कहा कि इस बार की थीम भी बहुत खास थी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें वसुधैव ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जवानों ने कहा- प्रशिक्षण के लिए जंगलवार कालेज का वातावरण बेहतर

## बस्तर से नक्सलियों का सफाया करने 600 जवान हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर से नक्सलियों को सफाया करने के लिए जंगलवार कालेज में सीआरपीएफ के 600 अधिकारी एवं जवानों को प्री-इंडक्शन प्रशिक्षण दिया गया। देश के गृहमंत्री के ऐलान को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण लेने वाले सीआरपीएफ के जवान नक्सलियों को सफाया करने में कामयाब होंगे। ऐसा उन्होने प्रशिक्षण लेने के उपरांत विश्वास जताया। चार सप्ताह के कोर्स में सीआरपीएफ के अधिकारी और जवानो को बस्तर के जंगली इलाकों और इन क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों और मुश्किल हालातो से अवगत कराया गया और इन सब कठिनाइयों पर कैसे जीत हासिल की जाए इसका प्रशिक्षण दिया गया।

कांकेर स्थित सीटीजे डब्ल्यू कॉलेज की खासियत ही यह है कि प्रशिक्षण के लिए यहाँ का वातावरण, फायरिंग रेंज, मैदान बस्तर के जंगलों की भाँति ही है, जिसकी वजह से प्रशिक्षण करने वाले जवानों को ऐसा महसूस होता है कि वह वास्तविक जंगल में ही रह कर प्रशिक्षण कर रहे है। उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है और वे युद्ध क्षेत्र में आने वाली हर परिस्थिति का मुकाबला करने के तैयार हो जाते है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन यही बात सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने भी कहा। इस बार के कोर्स में खास उपलब्धि यह भी रही कि सीआरपीएफ का कोई भी जवान खराब स्वास्थ्य के कारण यूनिट से वापस नहीं किया गया। समस्त 600 जवान अपनी ट्रेनिंग पूरी कर नक्सल प्रभावित इलाके में ड्यूटी के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर तैनात किए जा रहे है। इस उपलब्धि के लिए सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज के डायरेक्टर ब्रिगेडियर एसके लामा ने संस्था के इंस्ट्रक्टर और समस्त ट्रेनिंग स्टाफ को शाबाशी दिया और कहा कि आप लोगो को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### प्रशिक्षण के लिए उत्तम श्रेणी का रेंज



प्रशिक्षण लेने वाले जवानों ने अनुभव बांटते हुए बताया कि सीआरपीएफ में भर्ती होने के उपरांत कई स्थानों पर ट्रेनिंग लेने का मौका मिला, लेकिन जो ट्रेनिंग यहाँ मिली है, यहाँ के जो फायरिंग रेंज है, उस श्रेणी के रेंज देश में कहीं भी नहीं है। इसके अलावा उन्होंने यहाँ के मैनेजमेंट और समय के पालन की प्रतिबद्धता की भी तारीफ किया। इस ट्रेनिंग कॉलेज में चाहे बारिश आए, आंधी तूफान आए, कड़ी धूप हो, लेकिन ट्रेनिंग शेड्यूल में एक मिनट भी देरी नहीं की जाती है और ना ही समय से पहले ब्रेक दिया जाता है।

## पुलिस थाना से महज 50 मीटर दूर मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुरातापपुर

- भानुप्रतापपुर क्षेत्र में चोरों ने दी पुलिस को चुनौती
- मंदिर की दान पेटी से नकद किया पार

थाना क्षेत्र भानुप्रतापपुर में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। पुलिस थाना के बगल में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में बीती रात को अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर की दानपेटी को तोड़कर नकदी उड़ा ले गए। दानपेटी में करीब 7 हजार रुपए के आसपास की राशि थी, जिसका चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी यहां चोरी हुई थी, जिसे एक सप्ताह भी



नहीं हुआ और दुबारा बीती रात मंदिर के दानपेटी से पैसे की चोरी हो गई।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर तहसील और थाना के मध्य श्रीराम जानकी मंदिर स्थित है। पुलिस थाना महज 50 मीटर कि दूरी पर स्थित है। चोरो के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि पुलिस के नाक के नीचे से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मंदिर में चोरी की घटना एक वर्ष के भीतर कई बार हो चुकी है। मंदिर में चोर एक ही स्टाईल में चोरी कर रहा है। पुलिस ने मंदिर चोरी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण को ट्रैक्टर ने लिया चपेट में, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**फरसगांव।** ब्लॉक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटपाड़ में शुक्रवार की सुबह एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम कोटपाड़ निवासी 65 वर्षीय अंशुराम माली अपने खेत से वापस आ रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अंशु राम माली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना परिजनों द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर शून्य में मर्ग कायम किया है।

### सोमवार से वर्षा गतिविधियों में आएगी तीव्रता

**धमतरी।** कल से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण और तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल और इससे सटे बंगाल के गंगा मैदान पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 7.6 किमी की ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी एवं पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम बंगलादेश, पश्चिम बंगाल के गंगीय क्षेत्र पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर-पूर्व मप्र तक समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी ऊपर मौजूद है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की मध्यम वर्षा हो सकती है। सोमवार से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण तथा तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है।

### बिरझुली में शाला प्रवेश उत्सव 30 को

**मगरलोड।** ग्राम बिरझुली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 30 जून सोमवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीका राम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत धमतरी, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, कृष्ण कुमार ध्रुव सहकारिता सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, पुष्पलता रामायण सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रोहित मोहन साहू मंडल अध्यक्ष, विजय यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, शत्रुघ्न साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, शुभम यदु जनपद सदस्य, यादेश्वरी साहू पूर्व सरपंच सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शाला प्रवेश उत्सव में विशेष आकर्षण देवान मादरी नर्तक दल केकराखोली की प्रस्तुति होगी।

### रोटरी डिस्ट्रिक गवर्नर का बस्तर प्रवास आज

**जगदलपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3261 के प्रांतपाल अखिल मिश्रा अपने आधिकारिक दौरे पर सोमवार को जगदलपुर पहुंचेंगे। इस अवसर पर क्लब द्वारा किए गए सेवा प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करेंगे। रोटरी सदस्यों से संवाद करेंगे और एक सार्वजनिक सभा में स्थानीय नागरिकों को रोटरी इंटरनेशनल तथा डिसट्रिक्ट 3261 की गतिविधियों,उद्देश्यों और सेवा संकल्पों से अवगत कराएँगे। अखिल मिश्रा जबलपुर निवासी हैं और उनके साथ डिसट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल सारंग भिड़े भी इस दौरे में सम्मिलित रहेंगे।

### साईं मंदिर का 15 वां वार्षिकोत्सव होगा आज

**जगदलपुर।** शिर्डी साई बाबा मंदिर, रेलवे कालोनी में सोमवार को 15 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः आरती 6 बजे, श्री गणेश पूजा 8 बजे, पंचामृत के साथ महा अभिषेक 9 बजे, सुबह 10 बजे से 11.30 तक पूजा एवं अभिषेक दोपहर 12 बजे मध्यान आरती होगी। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन भक्तों की ओर से किया गया है।

# ग्रामीणों को कृमिनाशक, मिनरल मिक्सर तथा मल्टीविटामिन आदि दवाओं का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- सेनानी 53वीं वाहिनी ने कस्तूरेटा में चलाया सिविक एक्शन कार्यक्रम
- वेटनरी शिविर में पशुओं की जांच की गई

सेनानी 53वीं वाहिनी ने 28 जून को अग्रिम सीओबी कस्तूरेटा में स्थानीय लोगों में जागरुकता एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत वेटनरी शिविर लगाया। कार्यक्रम में वाहिनी की तरफ से स्थानीय लोगों के पालतू जानवरों और पक्षियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान केटले-21,




बकरी- 9, मुर्गी-66 एवं 3 कुल 99 जानवरों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार प्रदान किया गया। उपचार करने के साथ साथ स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों की दवाइयां जैसे कृमिनाशक, मिनरल मिक्सर तथा मल्टीविटामिन आदि दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम संजय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में 53वीं वाहिनी के सेनानी, द्वितीय कमान बैट केडी शर्मा, डॉ. सुप्रदीप रेडडी एवं सहायक सेनानी जीडी ताशी सामन्ला मौजूद रहे। सेनानी 53वीं वाहिनी संजय कुमार ने ग्रामीण को आश्वासन दिया कि समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन करते रहेंगे। ताकि आप लोगो के पशुओं की बिमारियों का उपचार हो सके।

### प्रभु जगन्नाथ के दर्शन करने जनकपुरी में लगा श्रद्धालुओं का तांता

# अमनिया भोग लेने दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की लगी कतार

**तितिरगांव क्षेत्र के पल्ली, पराली व चकवा के भक्तों ने दूसरे अमनिया भोग का किया अर्पण**





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर गोंचा पर्व में सिरहासार स्थित जनकपुरी गुंडिचा मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी के पुण्य दर्शन के लिए तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। जनकपुरी में विराजे भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी को दूसरे दिन रविवार को तितिरगांव क्षेत्र के पल्ली, पराली व चकवा के भक्तों ने दूसरे अमनिया भोग का अर्पण किया। जगन्नाथ के भात के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

दूसरे अमनिया भोग का अर्पण तितिरगांव क्षेत्र के कुम्हरावण्ड, महुपाल, भाटागुड़ा, बुरूनपाल, कोंडावाल, कालीपुर, पल्ली, कुड़कानार, पल्ली चकवा व पलारी के भक्तों ने किया। जगन्नाथ के भात के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतार लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में श्री जगन्नाथ स्वामी को 4 जुलाई तक प्रतिदिन अमनिया भोग का अर्पण एवं सत्यनारायण कथा का श्रवण किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा श्री जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के समक्ष गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में सत्यनारायण कथा





वाचन का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने जनकपुरी पहुंचे। वहीं सिरहासार भवन स्थित गुंडिचा मंदिर में प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना के बाद संध्या को महाआरती के उपरांत बस्तर गोंचा मंच में भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को अंखण्ड रामायाण पाठ का आयोजन किया जाएगा।

## पीजी कॉलेज में प्रवेश की पहली सूची टंगी हार्ड कापी जमा करने छात्रों की भीड़ उमड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के कॉलेज बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यह सूची मेरिट के आधार पर विवि से आई है। जिसके आधार पर कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रथम सेमेस्टर के लिए एडमिशन लिया जाना है। लिस्ट टंगते ही छात्र-छात्राएं एडमिशन के लिए कॉलेज आना प्रारंभ कर दिए हैं। छात्र पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद फीस जमा करा रहे हैं।

पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि 25 जून तक एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया। 26 जून को प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। छात्र-छात्राएं 26 जून से 9 जुलाई तक विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश ले सकते हैं। हार्ड कापी जमा करने तीन अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज का एडमिशन तीन चरणों में होगा। पहला चरण 26 जून से जुलाई तक रहेगी। दूसरे चरण में 9 जुलाई से 14 जुलाई तक तथा तीसरे चरण में 15 से 25 जुलाई तक एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में सीटों की संख्या 1370 है, जिसमें बीए 1 में 330, बीएससी गणित में 150, बीएससी जीव विज्ञान में 300, बीएससी आईटी 80, बीएससी गृह विज्ञान 40, बीकॉम में 250, बीकॉम आईटी में 60, बीसीए में 40, डीसीए में 40 सीटें हैं। एडमिशन के लिए काउंटर में हार्डकापी के साथ शुल्क, 10वीं, 12वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र (विकलांग के लिए), माइग्रेशन प्रमाण पत्र (दूसरे राज्य के लिए), आधार कार्ड, बैंक कार्ड पासबुक, एबीसीआई की मूलप्रति व पासपोर्ट साइज 2 फोटो आदि की आवश्यकता होगी। सूचना पटल पर चस्पा सूची के अनुसार पहली सूची के कट आफ 70 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा कट आफ बीसीए में है। ओबीसी वर्ग में 80.40 प्रतिशत, बीएससी बायो में सामान्य कटआफ 75.46 प्रतिशत है। बीएससीआईटी में 78.20, बीए में 72.20 प्रतिशत है।

पीजीडीसीए में जनरल 58.54 प्रतिशत, बीएससी गणित में जनरल में 70.40 प्रतिशत है। मेरिट सूची के साथ-साथ वेटिंग लिस्ट भी जारी किया गया है।

## पेज 11 के शेष ...

### विधायक की नाराजगी...

कराया गया। विधायक विक्रम उसेंडी ने साफ शब्दों में कहा है कि इस तरह की सड़क बनाने वाले ठेकेदार पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना चाहिए। सरकार को बदनाम करने वाले ठेकेदार काम करना बंद कर दे, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

सहायक अभियंता एवं उपअभियंता हटाए गए : कार्यपालन अभियंता डिकेश कुमार कोमा ने बताया कि गुणवत्ताविहीन कार्य को उखाड़कर दुबारा वर्षाऋतु पश्चात गुणवत्तापूर्वक डामरीकरण कार्य किए जाने एवं ठेकेदार पर अग्रिम कार्यवाही के साथ ही कार्य में संलग्न सहायक अभियंता एवं उपअभियंता को तत्काल उक्त कार्य के कार्यभार से विमुक्त किए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

### वाहन चालक की...

ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। इस सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल के पीछे बैठे ओंमकार पटेल को भी चोंट आई थी। इलाज के लिए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में ईलाज के लिए भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मुरली पटेल की उसी दिन मौत हो गई थी। विवेचना में पुलिस ने ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 0251 के चालक मोतीराम यादव को दोषी पाया, इसलिए उसके खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया ।

### प्रधानमंत्री ने मन...

कुटुंबकम का एहसास कराती है। पीएम ने कहा कि इंटरनेशनल योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है। साथ ही पीएम ने हाल ही में इमरजेंसी के पूरे 50 सालों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में लोकतंत्र की हत्या की गई और लोगों को परेशान किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष रामप्रसाद नरेटी, सरपंच सियाराम मंडावी, राजेश यादव, युवराज गावड़े, देवेन्द्र जैन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस्तर से नक्सलियों...

जो ट्रेनिंग शेड्यूल दिया गया था, उसे आपने कड़ी मेहनत से पूर्ण किया है, जिसकी वजह से सीआरपीएफ के जवान पूर्ण रूप से सक्षम होकर अपनी ड्यूटी निभाने बस्तर जा रहे है और जो नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प है। उसे पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कोर्स के समापन समारोह में प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ जवान को ब्रिगेडियर द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज में अभी तक कुल 41353 जवानों ने नक्सल युद्ध कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसमे छत्तीसगढ़ पुलिस, सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस जवान एवं केन्द्रीय अर्ध सैनिक बलों के जवानों द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किय गया है।

### पुलिस थाना से...

के मामले को आज तक सुलझा नहीं पाई वहीं फिर से इस बार चोरी पुलिस थाने के पास के मंदिर में हो गई। नगरवासियों ने बताया कि कुछ दिनों पहले संजयपारा स्थित शिव मंदिर को भी चोरो ने अपना निशाना बनाया था और भानुप्रतापपुर में सूने मकानों में भी चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है। पुलिस अभी तक चोरी की घटनाओं को सुलझा पाने में कामयाब नहीं हो पा रही है, इसलिए लोगों में नारजगी भी बढ़ती जा रही है। मंदिर में आम आदमी का आना जाना रहता है, इसलिए लोगों में नारजगी ज्यादा बढ़ जाती है।

## महापौर के प्रयास से शहर को मिला एक और वैकल्पिक बायपास मार्ग, मिलेगी जाम से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी का चरणबद्ध तरीके से विकास हो रहा है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। विकास कार्यों के लिए राजधानी से पैसा सीधे धमतरी आ रहा है। महापौर स्वयं कहते हैं कि जनता के कहने मात्र से ही काम होगा। जनता जो चाहेगी वही होगा। धमतरी का ऐतिहासिक विकास होगा। इसी कड़ी में धमतरी शहर के लिए एक और वैकल्पित बायपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। ताकि शहरवासियों को जाम से मुक्ति मिल सके। नेशनल हाईवे मार्ग महावर धर्मशाला के सामने आईडीबीआई बैंक के बाजू गली को लालबगीचा तूफान चौक तक वैकल्पित बायपास मार्ग के लिए विकसित किया जा रहा है। मार्ग में साफ सफाई कराने और अतिक्रमण हटाने के लिए महापौर रामू रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा निगम टीम के साथ स्वंय स्पॉट पर पहुंचे थे। 30 फीट चौड़ी और 200 मीटर लंबे इस रास्ते का महापौर और उपायुक्त ने निरीक्षण किया। साफ सफाई करवाया गया। अतिक्रमण हटाया गया। रोड की मरम्मत तत्काल की गई ताकि सायकल सवार, दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन सहित पैदल यात्री इस मार्ग का उपयोग ट्रेफिक से बचने के लिए कर सके। महापौर ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए शहर के अंदर छोटी-छोटी वैकल्पित बायपास मार्ग बनाया जाएगा ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। यात्री सिहावा चौक तूफान चौक लालबगीचा तक सीधे शार्टकट रास्ते से आवागमन कर सकते हैं। इस रास्ते के खुलने से 4 वार्ड के लोगों को फायदा होगा। वे सीधे सिहावा चौक निकल सकते हैं। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य, पार्षद नरेन्द्र रोहरा, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र साहू, महेन्द्र खंडेलवाल, लक्ष्मण साहू, निगम टीम प्रमुख सुनील सालुंके व अन्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्कूल में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पालकों में आक्रोश

**3 घंटे बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ताला खोला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी हैं जहां पर नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ होते ही शिक्षा विभाग की अव्यवस्था की पोल खुलने लगी है। अभी मामला शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी का सामने आया है। शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययन कर रहे बच्चों के पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान, शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल न भेजने और स्कूल में तालाबंदी करने की बात कही थी।

शासकीय प्रायोगिक प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में छात्र-छात्राओं का दर्ज संख्या 125 है और इस समय और भी संख्या बढ़ने की संभावना है। पिछले सत्र में अभी तक व्यवस्था के तहत 4 शिक्षक इसी स्कूल में थे जिसमें से दो शिक्षकों को







दो शिक्षक रह गये गये हैं। शिक्षकों की कमी के कारण शाला में अध्ययन अध्यापन एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा जाएगी। इस विषय पर पालकों ने नगरी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अत्यधिक दर्ज संख्या को देखते हुए कार्य मुक्त किए गए शिक्षकों को वापस इसी स्कूल में पालक गण तत्काल उग्र आंदोलन के साथ-साथ स्कूल में तालाबंदी करने का निर्णय लेंगे। साथ ही स्कूल में कम से कम पांच टीचर होने चाहिए वहां पहले ही चार शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा था। अब इस सत्र में दो शिक्षकों को यहां से हटाकर दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया। जिसके चलते बच्चों को सही शिक्षा नहीं पांच शिक्षक की नियुक्ति परमानेंट होनी चाहिए। उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और स्कूल में ताला लगाकर उग्र आंदोलन करेंगे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल बोदेले, ऋषिकांत ठाकुर, प्रकाश रोहित कुमार विनय सोम संतोष प्रधान सुनीता प्रिया मरकाम, साहू, सेमंत पटेल, गोपी कृष्ण लाहौरिया अन्य पालकों ने बताया कि पूर्व में 125 बच्चों को 4 शिक्षक पढ़ा रहे थे। युक्ति युक्तकारण के तहत दो शिक्षकों को मूल शाला में भेज दिया गया। अब 125 बच्चे 2 शिक्षकों के भरोसे अध्ययन कर रहे हैं। पालकों में इस बात को लेकर आक्रोश है। शनिवार को 9 बजे पालकों के द्वारा के बाहर शिक्षक गण बैठे रहे। उसके 3 घंटे के बाद तहसीलदार कुसुम प्रधान एवं नायब तहसीलदार उच्च अधिकारी देवेंद्र सूर्यवंशी बीआरसी प्रकाश साहू पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देकर ताला खुलवाया और कहा कि कुछ दिनों के बाद शिक्षक की व्यवस्था कर दी जाएगी। विकास खण्ड शिक्षा कमी है। नगरी विकासखंड में 338 प्राथमिक शाला और 125 माध्यमिक शालाएं संचालित है। इन शालाओं में वर्तमान स्थिति यह है की प्राथमिक शाला में 56 और माध्यमिक शाला में 50 शिक्षकों की कमी है।

जिसे शासन स्तर पर जल्द पूरा कराने की कोशिश की जायेगी।

खबर संक्षेप

## जेम पोर्टल संबंधी प्रक्रियाओं की मिली जानकारी



**जगदलपुर।** शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पोर्टल से किए जाने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में आयोजित किया गया। जेम पोर्टल की प्रक्रियाओं से संबंधित क्रेता विभागों एवं विक्रेताओं को अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेम रिसोर्स पर्सन राकेश तिवारी द्वारा जेम पोर्टल पर क्रेता-विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, प्रोफाईल की पूर्णता की जानकारी, क्रेता-विक्रेता मूल्यांकन छूट की जानकारी, ऑनबोर्डिंग सेवा प्रदाता की जानकारी, प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई व क्रेता एवं विक्रेता पक्ष को पोर्टल में आ रही समस्याओं का भी निराकरण किए जाने संबंधी उपायों की भी जानकारी प्रशिक्षण में दी गयी। कार्यशाला में कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं कांकेर के महाप्रबंधक उद्योग और संभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं उद्यमी उपस्थित थे। संभाग स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## उत्कल समाज महिला विंग की शुभ्रा व युवा विंग के पवन अध्यक्ष मनोनीत

**जगदलपुर।** उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास के अनुशंसा पर पदाधिकारीयों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी व महिला और युवा विंग का गठन किया गया। जिसमें महिला विंग की अध्यक्ष शुभ्रा दास एवं सुश्री निरुपमा दास सचिव मनोनित हुई। युवा विंग से पवन मिश्रा अध्यक्ष व आशीष दास सचिव मनोनीत किए गए। वहीं समाज के कार्यों व आयोजनों के प्रचार प्रसार के लिए रविन्द्र दास को मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए।बैठक में अध्यक्ष सचिव के साथ उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, संगठन सचिव रमेश नंद, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव व कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत एवं अन्य उपस्थित रहे।

# 231 बटालियन सीआरपीएफ ने जीता ग्रामीणों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

### ग्रामीणों को रेडियो सेट का किया वितरण व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन





सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन के निर्देशन में गांव बुद्धिपारा, स्कूलपारा पुलिस थाना जगरगुंडा, फुंडरी, बोदली पुलिस थाना नेलासनार में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें विकास कुमार सहायक कमाण्डेंट बी/231 बटालियन, धर्मेंद्र कुमार सहायक कमाण्डेंट जी/231 बटालियन, निरीक्षक व सामान्य ड्यूटी सुशील कुमार ए/231 बटालियन तथा निरीक्षक व सामान्य ड्यूटी प्रणव ज्योति बोराह ई/231 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया तथा ग्रामीणों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को रेडियो सेट का वितरण किया गया तथा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य चेक कर तथा आवश्यकतानुसार परामर्श व दवाईयां दिया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर अश्विन सिन्हा थाना प्रभारी पुलिस थाना नेलासनार, कोण्डासावली, बोदली तथा फुन्डरी के सरपंच तथा आस-पास के गांवों के गणमान्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, जिन्होंने 231 बटालियन द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर व सिविक एक्सन कार्यक्रम की प्रशंसा की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सीआरपीएफ ने संवेदनशील क्षेत्र में लगाया शिविर

# बढ़ रहा है आत्मविश्वास 245 ग्रामीण हुए लाभान्वित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा विकासखंड के सूदूर वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रही सीआरपीएफ ई 50वीं बटालियन ने शनिवार के एलारमडगु द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्रोग्राम का आयोजन प्रेमजीत कुमार कमांण्डेन्ट के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशानुसार में किया गया। निरज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन की देखरेख में एवं गिर्जा प्रसाद मीना सहा. कमा. कि उपस्थिति में आयोजित इस प्रोग्राम में एलारमडगु, मोसलमडगु, बोदराजपदर गांव के नागरिकों को साड़ी स्लीपर लुंगी, टावल, रेन्जर साईकिल, गैंती कृषि उपकरण एल्युमिनियम का पतीला के साथ रोजाना के जीवन में उपयोग होने वाली सामाग्री का वितरण किया गया। साथ ही साथ एलारमडगु मोसलमडगु एवं बोदराजपदर जैसे संवेदनशील क्षेत्र गांव के नागरिकों को बीमारियों से रोकथाम के लिये सावधानी बरतने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

50वीं वाहिनी केरिपुबल ने ग्रामिणों को यह आश्वासन दिया की भविष्य में गाँव वालों को रेडियों सेट का भी वितरण करेगें। जिसमें गाँव के लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनायों के बारे में जानकारी मिल सके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी अपने घर बैठे सुन सके। वाहिनी द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम से एलारमडगु, मोसलमडगु एवं बोदराजपदर इलाकों के लगभग 245 ग्रामीण लाभांवित हुये।

कार्यक्रम में ई 50वीं वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारी तथा जवान भी उपस्थित रहें। सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे स्पष्ट होता है कि इन इलाकों के ग्रामीणों में सरकार के प्रतिविश्वास बढ़ रहा है।

इस अवसर पर वाहिनी की ओर से स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि आम नागरिकों एवं सुरक्षा बल के बीच अच्छे सम्बंध व विश्वास स्थापित हो रहे हैं। इस दौरान विकास सम्बंधी किये गये कार्यों से सभी ग्रामीणों मे आशा की नई किरण जागृत हो रही है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोंटा के सभागार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत कोंटा की अध्यक्ष मौसम जया, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जीसाईं रेड्डी, नगर पंचायत कोंटा के पार्षद पी. विजय नायडू, अम्बाटी देवी, शिक्षाविद सीएच राजशेखर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जी. गंगाचलम, एम राजबाबू, जेट्टी रामाराव, उदय राज सिंह, जी.वेंकट रमणा रेड्डी, एम बाबूराव, आर मुरली, सेमल नरेश, भाजपा कोंटा मंडल के पदाधिकारी देबाशीष, समीर कीर्तनिया, पुल्ली गोलू, सतीश, पवन सिद्धू एवं भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी पी कुमारी, अन्नपूर्णा दुबे, सुनीता, नागमणी, अन्नू बोगम, आशा एवं अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिक्षा को जीवन की नींव बताते हुए बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझने और उसे अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताकत है। बच्चों को लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और शिक्षा से सपनों को साकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक स्वागत कर उन्हें पुस्तके प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शैलजा ने किया।

# जल्द होगी सूखे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने बरसात से पूर्व विभिन्न वार्डों का दौरा किया। वार्डों में सूखे पेड़ पाए गए। जो वर्षा ऋतु में तेज हवा के कारण गिर सकते है और जनहानि हो सकती है। सूखे पेड़ की कटाई की जानी है ताकि वार्डवासी वर्षा ऋतु में बिना डर के घरों में सुरक्षित रह सके। पार्षद अमृत टंडन के द्वारा भी पालिका अध्यक्षा को जानकारी दी गई कि उनके वार्ड में भी एक विशालकाए सुखा पेड़ है जिससे कि वार्डवासियों में वर्षा ऋतु में तेज हवा चलने से गिरने का डर बना रहता था तथा इसी प्रकार पार्षद गायत्री साहू, गिरिजा विश्वकर्मा के द्वारा भी सूखे पेड़ कटाई हेतु जानकारी दी गई और साथ ही जनता के द्वारा भी मांग कि गई कि जल्द से जल्द सूखे पेड़ की कटाई की जाए। इस पर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़े बचेली वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडवा एवं उप वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र नाग के साथ सूखे पेड़ की कटाई के लिए चर्चा की। इस पर वन विभाग के अधिकारी ने कहा जल्द से जल्द सूखे पेड़ों की कटाई की जावेगी। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, पार्षद के. साजी, यशोदा चुन्नम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## धान की पकी फसल की कटाई और नई फसल की तैयारी...



**जगदलपुर।** विकासखंड जगदलपुर के पुसपाल और नानगुर के बीच किसानों ने गर्मी में धान की फसल लगाई है, जो पककर तैयार है। उसकी कटाई के लिए किसान जुटे हैं। वहीं नई फसल लेने के लिए खेतों में बोआई का काम भी चल रहा है। कई जगह अगल-बगल के खेतों में दोनों काम कटाई और बोआई में किसानों को देखा गया। *छाया : सुरेश रावल*

# शिविर में ग्रामीणों का हुआ इलाज व रेडियो सेट बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा




दीपक कुमार साहू के दिशा निर्देश एवं मौलि मोहन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी की उपस्थिति में मेटागुडम क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

जिसमे ग्राम मेटागुडम, इरापल्ली, रसपल्ली एवं बोटेटांग के ग्रामीण कैम्प

- **चिकित्सा अधिकारी 131वीं बटालियन ने ग्रामीणों का किया उपचार**

एफओबी मेटागुड़म पहुंचे। 131 बटालियन के अमित कुमार श्रीवास्तव, आनंद त्रिपाठी सहायक कमांडेंट व टीम के सहयोग से ग्रामीण परिवारों को रेडियो सेट वितरित किए। इस अवसर पर एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. दर्शप्रीत सिंह चिकित्सा अधिकारी 131 बटालियन ने ग्रामीणों को उचित उपचार दिया। जिसमें ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, महिलाओं पुरुषों और बच्चों सहित रोगियों का उचित उपचार किया गया और विशेष उपाय के रूप में आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई।यह यूनिट इस आदर्श वाक्य के साथ काम कर रही है कि क्षेत्र के सभी ग्रामीण हमारे परिवार हैं और गांव हमारा घर है। हम सभी ग्रामीणों की मदद और समर्थन के लिए हमेशा तैयार रहेंगे जो हमारे परिवार की तरह हैं। सीआरपीएफ हमेशा विकास कार्य करवाने ग्रामीणों की सुरक्षा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए उनके साथ है।

ज्ञात हो कि एफओबी मेटागुडम क्षेत्र के उपरोक्त गांव कभी नक्सलियों का ज्यादा प्रभाव माना जाता रहा है। लेकिन अब यहां लोग मुख्य धारा से जुड़ कर रहना बेहतर समझ रह हैं। सुरक्षाबलों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती उस गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी है।

इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया और ग्रामीणों को विश्वास दिया गया की सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

क्षेत्र में सेवा दे रही ए और डी के 131वी बटालियन द्वारा नियमित रूप से दुर्गम स्थान पर मौजूद ग्रामीणों को इसका लाभ व सुविधा दे रही है।

# बाढ़ संकट से निपटने तुंगल डेम पर हुई मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर शनिवार शाम को सुकमा में स्थित तुंगल बांध में बाढ़ आपदा राहत दल के जवानों ने जिले में उपलब्ध समस्त बाढ़ राहत सामग्री का परीक्षण एवं मॉक ड्रिल किया। अपर कलेक्टर

- **कलेक्टर पहुंचे निरीक्षण पर देखा नगर सेना का अभ्यास**

गजेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम सुभाष शुक्ला ने जिला सेनानी नगर सेना नरसिंह नेताम की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। कलेक्टेट ने बाढ़ आपदा एवं बचाव की टीम को स्वयं का बचाव करते हुए आपातकालीन सेवा में बेहतर प्रबंधन कर जोखिम में फंसे व्यक्तियों की जान बचाने के लिए हौसला अफजाई की। इस दौरान बचाव दल के जवानों ने आपदा के समय व्यक्ति को पानी के भीतर खोजने, उसे सुरक्षा पूर्वक लाइव बोट तक लाने का ड्रिल प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बचाव के दौरान उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का डेमो भी किया। जिसमें सही तरीके से लाइफ जैकेट पहनना, डूबते व्यक्ति को तैराक द्वारा बचाए जाना, अंडर वाटर ड्राइविंग कर पानी के भीतर व्यक्तियों को पता लगाना भी ड्रिल किया गया। इसके अलावा जवानों ने परंपरागत तरीके से निर्मित गांव में उपलब्ध सामानों से बचाव के उपकरण तैयार करने एवं बचाने के तरीके भी बताएं जैसे खाली बोतल से तैयार लाइफ जैकेट, थर्माकोल से तैयार लाइफ जैकेट, घरेलू उपयोग में आने वाले डेकची से तैयार लाइफ जैकेट, टीना डब्बे से बनाए गए उपकरण से भी बाढ़ के समय बचा जा सकता है। इस दौरान मोटर बोट, चेन सा, आस्का लाइट, फुल बॉडी हार्नेस, लाइफ ब्वॉय, लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि का प्रदर्शन व उपयोग के तरीके को बताया गया। इसके साथ ही टीमों ने बचाए गए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तहत सीपीआर और रेस्क्यू ब्रीथ देने के तरीके का लाइव डेमो करके बताया। इसके साथ ही कोई डूब रहा है तो उसे उसके पीछे से किस प्रकार पकड़ के बचाना है इसका भी प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा टीम ने आपदा में काम आने वाले उपकरण लाइफ सेविंग जैकेट, लाइफबॉय के उपयोग के तरीकों के बारे में बताते हुए इसका लाइव प्रदर्शन भी किया।

# बिजली बिल के बोझ को कम करने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अभियान से ग्रीन एनर्जी मिशन को बढ़ावा देकर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में मदद होगी साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। भारत सरकार ने सौर रूफटॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए 29 फरवरी 2024 को मंजूरी दी है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल घरों को रोशन करने के लिए नहीं है बल्कि यह योजना सूरज की ऊर्जा को अपनाने के तेज और किफ़ायती तरीक़े के बारे में भी है। एक किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना से बिजली के बिल में कमी, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलेगा। यह योजना न केवल स्थायी ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण को बचाने की ओर भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस योजना में आवेदक का उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। लोगों को अपनी जमीन या घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी मुहैया कराती है। इस योजना से लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसान और आम लोग अपने घरों के टॉप पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल शून्य कर सकते हैं और सरप्लस एनर्जी बेचकर कमाई भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के नए सदर बने अनीस



**अंतागढ़।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के पूर्व सदर समद खान सहित कमेटी के सभी सदस्य ने शुक्रवार जुमा की नमाज से पूर्व इस्तीफा दिया। इसके बाद शनिवार की शाम समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमे नई वर्किंग कमेटी का गठन किया गया। समाज ने सर्वसम्मति से अनीस खान को सदर चुना और सेक्रेटरी मुनीर फरीदी, सदस्य शेख शरीफ कुरैशी, खलील खान, लतीफ खान, राजू खान, रऊफ खान को बनाया गया। समाज द्वारा चुने हुए सदस्य को एक नई ऊर्जा प्रदान करने व समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त सदर ने कहा कि पूरी कोशिश करूंगा की आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतर सकू और समाज के लिए जो भी बेहतरी हो सके करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व सदर समद खान, शोएब रजा, जहांगीर खान, हनीफ खान, अयूब खान, नियाज खान, निशार खान, एजाज खान, तबरेज रजा सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सुनी गई मन की बात

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे रविवार को मन की बात प्रभारी उमेश गुप्ता के निवास में अतिथि के रूप में संग्राम सिंह राणा एवं अविनाश सिंह गौतम की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम प्रभारी बंटू पांडेय के सहयोग से 123 वां एपिसोड सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस की बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ति किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। भारत देश में 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा। कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, रोहित सिंह,रेनू गुप्ता, प्रीति वानखेड़े, भगवती साहू, वीरेश गुप्ता, परेश गुप्ता, प्रदीप पाणिग्रही, राकेश झा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## पहल : बागवानी विकसित होने से वातावरण बेहतर होगा

# थाना परिसर में रोपे गए पौधे, भविष्य में अच्छे से गार्डनिंग करने का किया जाएगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखण्ड के अंतर्गत थाना लोहत्तर में रविवार को थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नामदेव के नेतृत्व में थाना परिसर में पौधे रोपे गए।

थाना प्रभारी नामदेव ने कहा कि हम थाना परिसर को गार्डन की तरह बनाने का प्रयास कर रहे है। जबसे यहाँ प्रभार लिया तो बीएसएफ जवानों के द्वारा लगाई गई उनके जाने के बाद गार्डन अस्त व्यस्त बिखराव की स्थिति में था। बचपन से ही गार्डनिंग का शौकीन हूं परिसर के सुधार कार्य में लग गया। आज थाना परिसर स्वच्छ के साथ सुंदर भी दिखने लगा है। आने वाले भविष्य में हम यहाँ और अच्छे से गार्डनिंग करने का सोच रहे है। बागवानी को एक कला के रूप में देखा जा सकता है, जिसका संबंध पौधों को उनके आस-पास के वातावरण में सामंजस्यपूर्ण ढंग से व्यवस्थित करने से है और एक विज्ञान के रूप में जिसमें पौधों की खेती के सिद्धांत और तकनीक शामिल हैं। पौधे अक्सर अपने प्राकृतिक वातावरण से अलग परिस्थितियों में उगाए जाते हैं। उसी तरह आज हम यहाँ गार्डनिंग की नई शुरुआत कर रहे है।

पौधे रोपने के बाद जनपद सभापति विकास राजु नायक ने बताया कि ऐसा लगता है कि बचपन में पढ़ा हुआ वो पाठ सभी बड़े होकर भूल गए हैं। पत्ती से लेकर जड़ तक, पेड़ों के फायदे अगर हम गिनने बैठें तो शायद हमें समझ में आए कि कहीं बाढ़ और कहीं सूखे की वजह पेड़ों को बेतरतीब काटना ही है इसीलिए हम आपको याद दिला देते हैं कि पेड़ हमारे और आपके जीवन के लिए कितने जरूरी हैं। कुछ सालों पहले दुनिया में पेड़ों और हरी-भरी वनस्पति का राज हुआ करता था, पहाड़ी इलाके के छोटे से छोटे पौधे हो या फिर रेगिस्तान में उगने वाले कैक्टस जैसे पौधे पूरी दुनिया में अपनी जगह बना रहे थे, आदिमानवों ने भी इन हरे-भरे साथियों से दोस्ती कर ली थी। खाना, पहनना, रहना, ओढ़ना, सब कुछ उन्हें ये पेड़ ही उपलब्ध कराते थे, और इन पेड़ों ने कई काल से लेकर हमारे पूर्वजों का यहां आगमन तक इन हरे-भरे पौधों ने देखा है, लेकिन जब से मानवों



ने विकास की प्रक्रिया शुरू किया। इन पेड़ों के बुरे दिन शुरू हो गए, सड़कें, बिल्डिंग, स्कूल, कॉलोनी, पुल वगैरह के नाम पर इन पेड़ों को जो आनन-फानन में काटा गया है। इन पेड़ों के बुरे दिन शुरू हो गए, क्या आज का मानव यह समझ पाता कि पेड़ हमारे लिए कितने फायदेमंद होते हैं और इन पेड़ों को काटने से हमारे पूरी सभ्यता को कितना नुकसान होता है, रिसर्च में यह देखकर बताया जा रहा है कि आस-पास के ही जिन शहरों में पेड़ थे वहां का तापमान कम पेड़ वाले शहरों की तुलना में 5 डिग्री तक कम हुआ करता है, जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं और यह मिट्टी सतह के नीचे के पानी को फिल्टर करने का काम करती है, पेड़ के फल, बीज और फूल खाने, दवाइयों और सजावट में काम आते हैं, वृक्षों के महत्व को समझाने के लिए ही हमारे संस्कारों में पेड लगाने एवं उनको बचाने को कहा गया है।

एएसआई पवन मरकाम, प्रधान आरक्षक नोहरू नेताम, आरक्षक नरसिंह बघेल, अमृत कोमरा, राजेश नायक, पहेली मेजर, मनहर मेजर एवं थाना और सीएएफ के जवानो कि अहम भूमिका रहा।



### जनसहयोग से डिवाइडर पर किया गया पौधारोपण

**कांकेर।** जनसहयोग के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा शहर में आम जनता के मध्य से फलदार वृक्षों के पौधे एवं फूल पौधे वितरण किया गया। इसके अलावा घड़ी चौक के आगे बिरसा मुंडा प्रतिमा के आसपास छायादार पौधों का रोपण किया गया।रोड डिवाइडर पर फूल पौधों का रोपण किया गया। जन सहयोग संस्था के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत अधिक कार्य किया जा रहा है, ताकि जिले का पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर रहे। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी राजकुमार फब्याणी के अनुरोध पर उनके निवास स्थान पहुंचकर संस्था द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जिसकी रक्षा की जिम्मेदारी का वचन दिया। इसके उपरांत शहर के बने डिवाइडरों पर भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शहरवासियों को पौधों का वितरण भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, संस्था के संरक्षक नरेंद्र दवे अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, डॉ श्याम देव, भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम, संजय कुंजाम, , पूजा विश्वास, विनय नाग, विशाल नाग, सृष्टि नाग,डॉ. मिथिलेश सिन्हा, अर्पित सिन्हा, अभिनव सिन्हा, सानवी सिन्हा, राहुल सिन्हा ने भी उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

## शिक्षक साझा मंच 1 जुलाई से करेगा सामूहिक हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

स्कूलों एवं शिक्षकों के अनैतिक युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षक साझा मंच इकाई चारामा ने कर्मचारी अधिकारी भवन कोरर चौक में बैठक कर 1 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। धरना प्रदर्शन के चार प्रमुख मुद्दों पर स्कूल शिक्षा विभाग और सरकार का ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसमें युक्ति युक्तकरण विसंगति को समाप्त कर सेटअप 2008 को लागू करे, सोना साहू प्रकरण पर सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल ऑर्डर किया जाए, पुरानी सेवा काल की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए। प्राचार्य पदोन्नति पर बीएड/डीएड की प्राथमिकता समाप्त किया जाए, वरिष्टता क्रम में भी गड़बड़ी किया गया। विषय का चक्रीय क्रम में गड़बड़ी किया गया है। इन सभी त्रुटियों का भरपाई शिक्षक साथियों को करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता को शामिल होने का अपील किया गया है ताकि अपने अधिकार को पहचाने, विभाग के उच्च अधिकारियों एवं शासन के गलत नीतियों का भुगतना भविष्य में नहीं करना पड़ेगा। बैठक में सभी प्रमुख शैक्षिक संघ जिला संयोजक, ब्लॉक संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### मेहंदी लगे अंगुठे को मशीन ने नकारा

**जगदलपुर।** शहर के महारानी वार्ड के राशन दुकान में रविवार को 3 महिने का एकमुश्त चावल और अन्य सामान उपभोक्ताओं को दिया जा रहा था। दुकान में राशन ले रहे थर्ड जेंडर के हाथ में मेहंदी लगी थी। जिसे मशीन बार बार नकार रहा था। राशन दुकान की महिला संचालिका ने बताया कि मेहंदी लगाने से मशीन स्वीकार नही करता है। वैसे यहां मोबाईल मे ओटीपी आने पर भी राशन दिया जा रहा था।

# दमकसा में मनाया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल में संकुल केंद्र दमकसा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

- प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान



किया गया, जिसमें माँ भारती के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कक्षा पहली और छठवीं के छात्रों को तिलक लगाकर मुँह मीठा कराकर गणवेश वितरण किया और नवमी एवं ग्यारहवीं के नव प्रवेशी छात्रों को किताब प्रदान कर नई शिक्षा नीति से जोड़ने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास राजु नायक ने कहा कि इसी स्कूल में मैंने 2011 और 2012 में पढ़ाई किया था और आज इस स्कूल में अतिथि के रुप में उपस्थित हुआ हूँ यह मेरे लिए गौरव की बात है। हर माता-पिता की यही आशा रहती हैं की उसका बच्चा सबसे अवल्ल रहे। इसके लिए बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को खोजना हर पालक की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि सबका बच्चा यूनिक होता है। पढ़ाई के साथ उसके मन में किया रूचि हैं उस बात पर आपको ध्यान देना होगा। इसके लिए आपका बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा हैं उसका फीडबैक लेते रहे और साथ ही बच्चे के अच्छे भविष्य के लिए पालक और शिक्षक को आपस में संवाद रखना होगा। पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा कि अगर शिक्षक किसी छात्र को अपने शब्दों के माध्यम से प्रेरित कर सकते हैं या फिर हम ही शिक्षा पर अनमोल वचन की तलाश कर उनके लिए प्रेरणा बन रहे हैं। प्राचार्य कुमुद ध्रुव ने कहा कि शासकीय स्कूलों में पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से पालकों एवं शिक्षकों का संवाद बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा। पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य है पढ़ाई-लिखाई और स्कूली गतिविधियों में शिक्षकों के साथ पालकों की सहभागिता हो। कार्यक्रम में पिछले शिक्षा सत्र में 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों और एकलव्य 03, नवोदय 03, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज 04 और जेईई में चयनित 02 छात्रों और संकुल समन्वयक गोवर्धन मंडावी एवं संकुल प्राचार्य को संकुल के उत्कृष्ट कार्य के लिए अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया है।

कार्यक्रम में बीरेंद्र देहारी, ग्राम गायता पुनऊ दुग्गा, राहुल राय, चंपा गुरुवर, अमित केमरो, ललित दुग्गा, कन्हैया पुड़ो, महेश दुग्गा, रबिलाल पटेल, योगेश गावड़े, मोहन गुरु, पीटीआई मनोज दरियो, व्याख्याता आलोक द्विवेदी, रामभरोस उसेंडी, विमल भालेश्वर, संकुल समन्वयक गोवर्धन मंडावी, करीना रावटे, राधिका पुड़ो सहित प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंड्री स्कूल दमकसा के समस्त शिक्षक शिक्षीकायें उपस्थित रहे।

# संजयपारा और संबलपुर में सुनी मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शक्तिकेद्र भानुप्रतापपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 81 संजयपारा और संबलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण को भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने सुना।



पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा कर मन की बात कार्यक्रम का शुरूआत किया। इसके बाद आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए। इस बीच सेहत पर बात करते हुए उन्होंने खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई और लोगों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील भी किया।

तीर्थ यात्रियों की मदद करने वाले लोगों के बारे में बात करते हुए कैलाश पर्वत का जिक्र किया और कहा कि अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। आंखों की बीमारी ट्रैकोमा देश में एक समय पर आम थी। इलाज नहीं मिलने पर इससे लोग अंधे भी हो जाते थे, लेकिन भारत सरकार ने इसे खत्म करने का संकल्प लिया। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा फ्री घोषित कर दिया है। आपातकाल का समय याद करते हुए कहा कि इमरजेंसी के समय पर अभिव्यक्ति की आजादी खत्म कर दी गई थी। लोगों पर अत्याचार हुआ था, लेकिन भारत की जनता नहीं हारी और इमरजेंसी खत्म होने के बाद इसे लगाने वाले लोग चुनाव हार गए थे। हमें आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों को याद रखना चाहिए। इससे हमें अपने संविधान को बचाए रखने की ऊर्जा मिलती है। पीएम ने अपने संबोधन में बोरोलैंड के फुटबॉल टूर्नामेंट के बारे में भी बताया, जिसमें हजारों टीमें शामिल हैं। बोरोलैंड एक समय पर संघर्ष के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यहां के लोग भी मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं और असम से बाहर निकलकर अपनी पहचान बना रहे हैं। मेघालय के ऐरी सिल्क के बारे में बात करते हुए बताया कि यह सिल्क सर्दियों में गरम करता है और गर्मी में ठंडक देता है। इसे हाल ही में जीआई टैग मिला है। मध्य प्रदेश की सूमा उईके का जिक्र करते हुए बताया कि ऐसी महिलाएं अपने प्रयासों से अपना और देश का भाग्य बदल रही हैं।अहमदाबाद में नगर निगम ने सिंदूर वन तैयार किया है। यहां सिंदूर के पौधे लगाए गए हैं। यह वन ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित है। संबोधन के अंत में पीएम मोदी ने अंतरिक्ष मिशन का जिक्र किया और शुभांशु शुक्ला की भी तारीफ किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव, मतदान केंद्र अध्यक्ष हरी यादव, कलाबाई पटेल, उर्मिला नाग मांगतीन पटेल, देवसिंग, नवीन साहू, सोमि पटेल कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 4 बूथ क्रमांक 76 क्रांति चौक में भी मन की बात सुना गया, जिसमें मंडल मीडिया प्रभारी संतोष बाजपेई, कुंदन यादव कुंवर सिंह साहू, आकाश मसीह, घनश्याम विश्वकर्मा, अंजलि साहू, तेजस्वी साहू, दुर्गा यादव, अर्चना यादव, अशीष मसीह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नदी नालों के पुल पर रेलिंग लगाने की ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने की मांग

**दुर्गूकोंदल।** तुड़गे चाबेला के मध्य नदी नाला पुलिया में रेलिंग बनाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। दुर्गूकोदल संबलपुर मार्ग में सड़क में कई जगह संकेतक चिन्ह नहीं होने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वहीं सड़क मरम्मत की आवश्यकता है। जगह-जगह गड्ढा हो चुके हैं। इस संबंध में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दुर्गूकोंदल संबलपुर मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। सड़क के दोनों ओर में मुरमीकरण करने की मांग जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद सदस्य सविता उईके, पूर्व सरपंच धनेश नरेटी, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम ध्रुव, धर्मसिंह मंडावी, बृजलाल मरकाम, ओम दुग्गा, प्रदीप मंडावी ने कहा कि दुर्गूकोंदल संबलपुर



भानुप्रतापपुर मार्ग में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना है। इस मार्ग पर संकेतक चिन्ह नहीं होने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। डांगरा, तुड़गे, चाबेला स्थित पुलिया में रेलिंग की आवश्यकता है। यहां कई बार दुर्घटना घटित हो चुकी है। इस तरह से सभी नदी नाला में रेलिंग एवं संकेतक की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि इस सड़क में संकेतक बोर्ड एवं सड़क मरम्मत कराया जाए।

# आदिवासी बालक छात्रावास कोटतरा में मनाया गया हास्टल प्रवेशोत्सव

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत संचालित आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोटतरा में नवीनीकरण एवं नवीन छात्रों के साथ छात्रावास प्रवेशोत्सव कोटतरा सरपंच राजकुमार सेवता के मुख्य आतिथ्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। छात्रावास अधीक्षक कपिल भट्ट द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा सभी छात्रों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर छात्रावास में प्रवेश पर



स्वागत किया गया। सरपंच राजकुमार सेवता द्वारा छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने, छात्रावास में अनुशासित जीवन जीने एवं भविष्य में ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही।

शाला प्राचार्य सुरेश नेताम द्वारा छात्रों को नियमित गृहकार्य करके आने, समय समय पर पढ़ाए गए पाठों का रिवीजन करने तथा शाला में अनुशासन पूर्ण आचरण करने की समझाइश छात्रों को दी। उपसरपंच योगिता साहू ने छात्रों को अपने शारिरिक साफ सफाई प्रति जागरूक रहने एवं नियमित रूप से योगा और व्ययाम करने की बात कही। छात्रावास अधीक्षक द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पटेल गोविंद नायक, भूतपूर्व सरपंच ललिता सेवत, वार्ड पंच यमुना भुआर्य उपस्थित रहे।

## पीएम के मन की बात का 123वां संस्करण सुना

**अंतागढ़।** मद्रासीपारा में सुरेंद्र यादव के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण सुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा से की। इसके बाद आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए।



इस बीच सेहत पर बात करते हुए उन्होंने खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई और लोगों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील किया। मन की बात कार्यक्रम सांसद भोजराज नाग, मंडल अध्यक्ष महेश उईके, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल नरवास, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, सतीश ठाकुर, पार्षद यशोदा उसेंडी, शांतनु मानकर, धन्नू गोटा, भूपेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चिरायु योजना से तीन बच्चों का हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत चिरायु योजना ग्रामीण इलाको के बच्चों के लिए जीवनदायी योजना साबित हो रही हैं। कोयलीबेड़ा ब्लॉक में पखांजुर की चिरायु टीम द्वारा पीव्ही 37



रूपनगर के 5 वर्षीय पीयूष मजूमदार पिता जीवेश मजूमदार, पीव्ही 126 रामकृष्णपुर के 2 वर्षीय जय बाईन पिता चैतन बाईन और सोहगाव निवासी डेढ़ वर्षीय कुश उसेण्डी पिता तुला उसेंडी का आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित मिले। इसके बाद टीम में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा ने उन बच्चों के माता- पिता से उनकी बीमारी के बारे में बताया। बच्चों के परिजनों ने कहा बच्चों की बीमारी को लेकर बहुत चिंतित है। बच्चे ठीक से खेलकूद भी नहीं पाते और उनका वजन भी नही बढ़ रहा हैं। वे बच्चों का इलाज तो कराना चाहते है, लेकिन खर्च नहीं उठा पा रहे हैं।

डॉ. प्रियंका ने उन्हे चिरायु योजना के बारे में बताया और समझाया की इस योजना से बहुत सारे जन्मजात विकृति और गंभीर बीमारी वाले बच्चों को तत्काल अच्छे अस्पताल मे शासन द्वारा इलाज कराया जाता है। जो पूर्णतः निशुल्क है। टीम द्वारा परिजनों को समझाने के बाद तीनों बच्चों के परिवार ने चिरायु टीम पर भरोशा दिखाते हुए इलाज करवाने की बात कही। फिर टीम के प्रयास से तीनो बच्चों को चिरायु वाहन से रायपुर एम एम आई हॉस्पिटल इलाज के लिए ले जाया गया। जिसके बाद पूरी तरीके से जांच के बाद 14 जून को पीयूष मजूमदार, 16 जून को जय बाइन और 17 जून को कुश उसेंडी का सफल ओपरेशन हुआ। अब तीनों बच्चे स्वस्थ हैं। परिजनों में खुशी का माहौल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com





10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर,
3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411